रमजान | चल रहा है रमजान का पाक महीना

# सेवइयों की खुशबू से महकी शहर की गलियां, देर रात तक रहती हैं गुलजार





**नवभारत,जबलपुर ।** रमजान का पवित्र महीना शुरू होते ही बाजारों में रौनक लौट आई है, जहाँ जबलपुर के बाजार सेवइयों की खुशबू से महक उठे है साथ ही, खजूर, फल और पारंपरिक परिधानों की जमकर खरीदारी हो रही है। शाम के समय इफ्तार की तैयारी के लिए बाजारों में भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे प्रमुख स्थान जैसे ओमती, नए मोहल्ले, गोहलपुर, चार खंभा, मंडी मदार टेकरी जैसे इलाकों पर चहल-पहल बढ़ गई है। दुकानदार इस सीजन में कारोबार में तेजी की उम्मीद कर रहे हैं।


### बढ़ी है कीमतें

वही व्यापारियों की माने तो पिछले साल की तुलना में इस बार सेवई और लच्छे की कीमत में थोड़ा उछाल आया है। खजूर की कीमत भी बढ़ गई है। रमजान में सबसे ज्यादा खपत वाले खजूर, फल और सेवई के दामों से लोगों का बजट गड़बड़ा गया है। रोजा खोलने में रोजेदार जिन मुख्य चीजों का उपयोग करते हैं उनके दामों में बढ़ोत्तरी से इनकी खरीदारी में ज्यादा असर तो नहीं पड़ा परंतु लोग कम दामों वाली खाने-पीने की चीजों पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। वहीं रोजेदार फलों को भी विशेष तरजीह दे रहे हैं। ओमती के हाजी रफ़ीक के अनुसार, इस साल रमजान और होली के कारण बाजारों में डबल रौनक है, लेकिन भीड़ के कारण प्रमुख सड़कों पर जाम की स्थिति भी बन रही है।

### गुलज़ार हुई शहर की सड़के

शाम होते ही मुस्लिम बाहुल इलाकों में सजी खाने पीने की दुकानें गुलज़ार हो जाती है। इसके अलावा खजूर, सूखे मेवे, रंग-बिरंगी सेवइयां और इफ्तार के अन्य सामान की दुकानों पर खासी भीड़ है। रमजान के दौरान नए कपड़ों की मांग में भी वृद्धि देखी जा रही है, जो बाजार को गुलजार बना रही है। शाम को इफ्तार (रोजा खोलने) के समय बाजारों में सबसे ज्यादा हलचल होती है, और खजूर और ताजे फलों की बिक्री बढ़ जाती है।

### इनका कहना है




रमजान के मौके पर बाजारों में अलग ही रौनक देखने को मिलती है। ये दुकानें देर रात तक सजी रहती है। लाजवाब पकवान सबका दिल खुश कर देते है।

**गुड्डू नबी**



रमजान के पाक महीने में अल्लाह की इबादत की जाती है। शाम के वक्त शहर की सड़के गुलज़ार हो जाती है। चहल पहल देखकर बहुत अच्छा लगता है।

**सोनू**




# राधे-राधे से गूंज उठी चेरीताल की गली-गली

▸ **श्री चैतन्य महाप्रभु जयंती महोत्सव में प्रभात फेरी, हरिनाम संकीर्तन यात्रा**

**नवभारत,जबलपुर ।** राधे राधे गोविन्द गोविन्द राधे, आज ब्रज में होरी रे रसिया, होरी खेलन आयो नंदलाल राधा संग सखियों से, सीताराम सीताराम सीताराम कहिए, गोपाला गोपाला गोपाला मुरली मनोहर नंदलाला हरिनाम संकीर्तन करते रसिक भक्त वृंद, छतों अटारियों से पुष्प वर्षा करती महिलाएं, आरती उतार कर लड्डू गोपाल, श्री चैतन्य महाप्रभु की पूजा अर्चना करते हुए भक्तों ने चेरीताल में सरस्वती कॉलोनी, वसुंधरा कॉलोनी शिव नगर, हनुमान मंदिर पंजाब बैंक कालोनी, परिजात बिल्डिंग, राम मंदिर की गलियों में श्री चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल मिलौनीगंज, श्रीराधा नाम संकीर्तन मंडल की संकीर्तन मंडलियों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु ढोलक मंजीरे झांझ के साथ नाचते गाते हुए,हरिनाम जाप करते गली गली सनातन संस्कृति की अलख जगाते हुए सुबह सुबह 6 बजे से चेरीताल में प्रभात फेरी निकली गई ।रथ पर सवार भगवान श्री कृष्ण विग्रह का जगह जगह पुष्प वर्षा, आरती एवं स्वागत कर प्रसाद वितरण किया।

### इनकी रही उपस्थिति

हरिनाम संकीर्तन यात्रा में संतोष अग्रहरि, सत्य प्रकाश सराफ,देवव्रत सोनी , पार्षद प्रतिभा भापकर, डॉ आर के नेमा,श्याम गुप्ता, नवदीप पटवा, अमर सिंह ठाकुर, संजय तिवारी, आदर्श वेद, मिलन सोनी नितिन अग्रवाल ,विध्येश भापकर , नरेंद्र साहू, नवीन नेमा, राजेन्द्र व्यौहार, कैलाश नेमा,सुधांशु परेता सुधीर स्वामी नेमा जी सुरेन्द्र पांडे ब्रजेश अग्रहरि, रितिक अग्रवाल अनमोल यादव,रंजीत राय, अनिल आचार्य, अनिल रैकवार, मनोज सेन , जवाहरलाल साहू, गौरव सोनी, सागर विनोदिया, सुनील श्रीवास्तव, के बी दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त की उपस्थिति रही।

## एक नजर में



### शोध एवं नवाचार पर हुआ विमर्श, 206 प्रतिभागियों ने की सहभागिता

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय मो. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय में 'सूक्ष्मजीव विज्ञान एवं औद्योगिक जैव प्रौद्योगिकी के विविध आयाम' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम उच्च शिक्षा विभाग (म.प्र.) द्वारा प्रायोजित था तथा फंगल रोग निदान एवं अनुसंधान केंद्र, एवं विज्ञान भारती, महाकौशल विज्ञान परिषद के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने संगोष्ठी के पुस्तिका का विमोचन कर शुभकामनाएँ दीं। आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के निर्देशन में तथा डॉ. अनुराधा दवे, डॉ. साधना केशरवानी एवं जीतेन्द्र नवांगे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संयोजक डॉ. रजनी निगम एवं सहसंयोजक डॉ. विजया श्रीवास्तव कौशल रहीं। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. एस. पी. गौतम (भूतपूर्व कुलपति, रादुविवि) एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. आराधना मिश्रा (वैज्ञानिक, राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान, लखनऊ) रहीं। वक्ताओं ने जैव ईंधन, जैव प्लास्टिक, जैव औषधि, टीका निर्माण, जीन संपादन, कृत्रिम जीवविज्ञान एवं जैव सूचना विज्ञान जैसे विषयों पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी में पोस्टर एवं मौखिक शोध पत्र प्रस्तुति प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विजेताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. एस. एस. संधू (डीन, जीवविज्ञान संकाय, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय) ने सूक्ष्मजीवों के सतत विकास, नैतिक पेटेंट एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर मार्गदर्शन दिया। दो दिवसीय संगोष्ठी में विभिन्न महाविद्यालयों से आए 206 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनीषा राठी ने तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती दीपा बंसल ने किया।

### राजेन्द्र पश्चिम एवं आशीष बरगी विस अध्यक्ष नियुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** जय महाकाल संघ अंतरराष्ट्रीय बजरंग दल के




राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया रामकृष्ण तिवारी द्वारा संगठन कार्य विस्तार की दृष्टि से समाज में सेवा निवृत्त हो चुके बंधुओं को हिन्दू समाज के कार्य करने प्रेरित कर संगठन विचार से जोड़ने राजेन्द्र साहू को अध्यक्ष,पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष सेवा निवृत्त महासंघ एवं आशीष शुक्ला को अध्यक्ष बरगी विधानसभा नियुक्त किया गया। इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष कन्हैया तिवारी,आशीष विश्वकर्मा, सुमित यादव, सुजीत सिंह ठाकुर, विपिन तंतुवाय ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी।

### श्री सनातन धर्म महासभा की नरसिंह मंदिर में बैठक आज

**नवभारत, जबलपुर।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वाधान में नगर के अनेकों प्रतिष्ठित मंदिरों के सहयोग से श्री राम प्राकट्योसव के पावन अवसर पर 1980 से निकाली जा रही श्री रामनवमीं शोभायात्रा की तैयारी की प्रथम बैठक आज बुधवार सायंकाल 5 बजे श्री नृसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्रीमद् जगतगुरु डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य महाराज के संरक्षण और सानिध्य में आयोजित है। सभी सक्रिय मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों और सदस्यों, मातृ शक्ति से सनातन धर्म महासभा ने उपस्थिति का आग्रह किया है।

### तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय विज्ञान कार्यशाला 26 से

**नवभारत,जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन कुलगुरु प्रो. राजेश कुमार वर्मा के निर्देशन एवं प्रभारी कुलसचिव प्रो. सुरेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में किया जा रही है। पीएम उषा द्वारा प्रायोजित 'सतत भविष्य के लिए विज्ञान मौलिक और व्यावहारिक अनुसंधान का आयोजन और आवश्यकता' विषय पर आयोजित यह अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला 26, 27 एवं 28 फरवरी 2026 को विश्वविद्यालय के पं. कुंजीलाल दुबे प्रेक्षागृह में प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए देते हुए विज्ञान संकायाध्यक्ष एवं भौतिक शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो0 राकेश बाजपेयी ने बताया कि इस कार्यशाला में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ एवं वैज्ञानिक विभिन्न सत्रों के माध्यम से विषयांतर्गत चर्चा एवं मंथन करेंगे। इसमें लगभग 150 से अधिक प्रतिभागियों की सहभागिता पंजीयन के माध्यम से सुनिष्चित हो गई है। आयोजन समिति के डॉ. रिंकेश भट्ट, डॉ. पल्लवी शुक्ला, डॉ. प्रदीप विश्वकर्मा, डॉ. दिव्या सिंह, डॉ. धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि अभी तक लगभग 125 ऑनलाईन पंजीयन प्राप्त हो गए हैं एवं कार्यशाला आयोजन स्थल पर 26 फरवरी को प्रात: 9 बजे से प्रतिभागियों का पंजीयन किया जाएगा।



## कृषि उपज मंडी में 5 कर्मचारियों को मिला उच्च पद

**मंडी सचिव सहित स्टाफ ने दी बधाई**

**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर कृषि उपज मंडी में 5 कर्मचारियों की पदोन्नति होने पर पर सचिव सहित समस्त स्टाफ ने स्वागत कर बधाई प्रेषित की। मंडी सचिव आर के सैयाम ने बताया कि लगभग 20 से 25 वर्षों तक पद में रहने के बाद शासन की मंशा अनुसार मंडी बोर्ड प्रशासन द्वारा सहायक उप निरीक्षक पद पर कार्यरत 5 कर्मचारियों को उच्च पद प्रदान किए गए हैं। जिसमें मिथिलेश चौहान, राकेश सैनी, राजेंद्र चौधरी, अनिल चौबे एवं श्रीमती मृदुलेश अहिरवार को सहा. उप निरीक्षक पद से मंडी निरीक्षक पद पर पदोन्नति हो गई है। मंगलवार को सभी कर्मचारियों को सचिव आर के सैयाम सहित समस्त स्टाफ ने फूल-माला से स्वागत कर बधाई प्रेषित की।

# चंदना संभागीय अधिवेशन में सेवा और सम्मान की झलक

▸ **अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद ने दिखाया सामाजिक योगदान**



**नवभारत,जबलपुर।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद के चंदना संभाग का संभागीय अधिवेशन हाल ही में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व संभाग अध्यक्ष संध्या कौशल एवं संभाग सचिव श्वेता मोदी ने किया। अधिवेशन की अध्यक्षता पूर्व राज्य मंत्री शरद जैन ने की। अधिवेशन में बैनर प्रेजेंटेशन, कलश सजाओ प्रतियोगिता और एल्बम प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही लकी ड्रा के माध्यम से उपस्थित महिलाओं को गिफ्ट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अंतर्गत एक जरूरतमंद लड़के को गैस चूल्हा प्रदान किया गया, यह सेवा कार्य संभाग सचिव श्वेता मोदी द्वारा किया गया।

### केन्द्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी रहे उपस्थित

कार्यक्रम में चेलना संभागाध्यक्ष सविता, मनोरमा संभागाध्यक्ष स्नेहलता, सुंदरी संभागाध्यक्ष मौली वरिष्ठ महिला पदाधिकारियों में रानी जैन, मणि, सुषमा, मीना, शशि प्रभा, चित्रा, उषा, कल्पना, सुनीता मैक्स, डॉ संध्या जैन, राजकुमारी, रेखा विनोद, पूजा, मनीषा, रीता, पुष्पा, मंजुलता, नीरा, संजना सहित सभी शाखाओं के केंद्रीय एवं प्रांतीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट योगदान करने वाली शाखाओं को अवॉर्ड

चंदना संभाग की लगभग 12 शाखाओं की अध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष उपस्थित रहे। प्रमुख शाखा अध्यक्षों में लॉर्ड गंज शाखा - पूजा विद्यार्थी, पार्श्वनाथ शाखा - रश्मि जैन, बजाना मठ शाखा - निधि जैन, रांझी शाखा - शिल्पी जैन शामिल थीं। सभी शाखाओं को धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और पर्यावरणीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए अवार्ड प्रदान किए गए।

## देश की 95 प्रतिशत मिट्टी नाइट्रोजन की कमी से ग्रस्त : डॉ . बिस्वास

▸ **कृषि विश्वविद्यालय में सतत खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान**



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायनशास्त्र विभाग अंतर्गत एडवांस्ड फैकल्टी ट्रेनिंग सेंटर द्वारा आयोजित 21 दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के 20वें दिन सतत खेती और मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से आयोजित कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली के एमेरिटस वैज्ञानिक डॉ. डी.आर. बिस्वास ने बताया कि देश की 95 प्रतिशत मिट्टियां नाइट्रोजन की कमी से ग्रस्त हैं, जबकि फॉस्फोरस, पोटाश एवं जिंक, बोरॉन, सल्फर जैसे सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी भी व्यापक है। उन्होंने कहा कि 1 किलोग्राम एनपीके उर्वरक से औसतन 3.5 किलोग्राम अनाज उत्पादन मिलता है, लेकिन पोषक तत्व उपयोग दक्षता अभी भी कम है। समाधान के रूप में रॉक फॉस्फेट समृद्ध कम्पोस्ट, धीमी गति से घुलने वाले एवं नियंत्रित विमोचन उर्वरकों के उपयोग पर बल दिया गया। कार्यक्रम में मृदा उर्वरता, भूमि क्षरण, पोषक तत्व उपयोग दक्षता एवं अवशिष्ट फॉस्फोरस प्रबंधन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. दीक्षित, डॉ. बी.एस. द्विवेदी, डॉ. जी.एस. टैगोर, डॉ. अमित उपाध्याय, डॉ. आर.के. साहू, डॉ. एफ.सी. अमूले, डॉ. अभिषेक शर्मा, प्रशांत कुर्मी, मधुकर, संगीता ठाकुर, रविन्द्र कुमार, धर्मेन्द्र विजयवर्गीय, विकास पटेल, रचना यादव, राजकुमार काछी सहित बड़ी संख्या में प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

### नि :शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर आज

**नवभारत, जबलपुर।** स्व. विमला देवी गुप्ता की स्मृति में आज राठी कालोनी, निवाड़गंज जबलपुर में सुबह 11 से शाम 4 बजे तक सम्पूर्ण सुरक्षा केन्द्र जिला चिकित्सालय जबलपुर के द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जनरल परामर्श, जनरल दवाईया, नेत्र परीक्षण, रक्त संबंधित जांचे शुगर, हिपेटाइटिस बी, हिंप्टाइटिस सी., सिफलिस, एच.आई.बी.. ब्लड प्रेशर, कान, नाक, गला आदि जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जायेगी। आभा आई.डी. हेतु आधार कार्ड अनिवार्य है। आयोजक जगदीश प्रसाद गुप्ता, अश्विनी गुप्ता, आनंद गुप्ता, अविनाश गुप्ता (राम), अंकित गुप्ता (श्याम), अक्षय गुप्ता (हनी), आर्या गुप्ता, हरशिव गुप्ता (शिवाय) ने नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने का निवेदन किया है।

## सिर की गंभीर चोट के बाद की गई सफल सर्जरी

**गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर्स का परिजनों ने किया आभार**



**नवभारत,जबलपुर।** गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में गंभीर हेड इंजरी के बाद डॉक्टर्स की टीम द्वारा सफल सर्जरी की गई है और अब मरीज की हालत स्थिर है। सर्जरी के दौरान मरीज के सिर में धंसी हुई फ्रंटल बोन को सही स्थिति में स्थापित किया गया और चेहरे की हड्डियों को पुनर्संरचित किया गया। इस संबंध में गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ. विवेक गुप्ता एवं डॉ. पुनीत दीक्षित ने नवभारत को बताया कि गंभीर सिर एवं चेहरे की चोटों में समय पर विशेषज्ञ सर्जिकल उपचार और आधुनिक इम्प्लांट तकनीक से उत्कृष्ट परिणाम संभव हैं। वहीं मरीज के परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन एवं संपूर्ण चिकित्सा टीम का आभार व्यक्त किया है। अस्पताल प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार सीहोर निवासी रोहित बर्मन को गंभीर सिर की चोट (हेड इंजरी) के कारण गैलेक्सी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में उनके माथे की हड्डी (फ्रंटल बोन) में डिप्रेस्ड फ्रैक्चर तथा चेहरे की कई हड्डियों में मल्टीपल फ्रैक्चर पाए गए थे, जिससे चेहरे की संरचना प्रभावित हो गई थी और उसका माथा अंदर की और धँस गया था । जिसके कारण लगातार दिमाग में दबाव पड़ रहा था। इस जटिल स्थिति को देखते हुए गैलेक्सी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल में विशेषज्ञ सर्जन की टीम द्वारा सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

कार्यक्रम | अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर शहर में हुए विविध कार्यक्रम

# हमारी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक है मातृभाषा : कुलगुरु



**नवभारत,जबलपुर।** हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग में आज अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर राजेश कुमार वर्मा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभागाध्यक्ष प्रो धीरेन्द्र पाठक ने सभी का स्वागत एवं विषय प्रवर्तन करते हुए मातृभाषा की प्रासंगिकता का रेखांकन किया। कुलगुरु ने कहा कि मातृभाषा हमारी संस्कृति और संस्कारों की संवाहक होती है ।हम कितनी ही भाषाएं सीख लें पर हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व करना चाहिए। लोग जहां अंग्रेजी सीखने के लिए हर संभव कोशिश कर रहे हैं वहीं मातृभाषा को बोलने में झिझकते हैं। एक समय ऐसा भी रहा कि लोग मातृभाषा प्रयोग के लिए संघर्षरत हुए जिसके परिणामस्वरूप युनेस्को के सन् 1999 की अनुशंसा को संयुक्त राष्ट्र संघ ने 2002 में 21 फरवरी को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की। जिन शहीदों की याद में यह घोषणा हुई उन्हें भी इस कार्यक्रम में याद किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी अपनी मातृभाषा में कार्यक्रम की प्रस्तुति दी संस्कृत विभाग की शोध छात्र शिल्पा कोरी ने संस्कृत भाषा में गीत प्रस्तुत किया, नेपाली भाषा में ममता थापा ने एक गीत प्रस्तुत किया। बघेली भाषा में नीलम गौतम ने कविता प्रस्तुत की, हर्ष विश्वकर्मा ने जापानी भाषा में एक कविता प्रस्तुत किया। बंगाली भाषा में राजलक्ष्मी ने कविता प्रस्तुत की ।इसी तरह सौरभ शर्मा ने अंग्रेजी भाषा को प्रयोग किस तरह हमारे संविधान में शामिल किया गया इस पर अपनी बात रखा। अंत में कार्यक्रम का आभार डॉ तरुण घोष ने बंगाली भाषा में किया कार्यक्रम का संचालन हिंदी में डॉक्टर आशा रानी ने किया इस अवसर पर डॉ ए के गिल, डॉ रणबीर कौर कलसी, डॉ. विवेक गहरवार, डॉ. सरिता यादव, संदीप उपाध्याय और बहुत संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सुमधुर गीतों की प्रस्तुति



**नवभारत, जबलपुर।** संत अलॉयसियस स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के हिंदी विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा हिंदी, मलयालम, बंगाली, गौड़ी, मराठी, पंजाबी, बघेली, बुंदेली, कुड़ुख गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इसके उपरांत प्राध्यापकों ने भी विविध बोलियों एवं प्रादेशिक भाषाओं में अपने गीतों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.फा. जे. बेन एंटोन रोज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्राचार्य ने अपने संदेश में कहा कि भाषा ईश्वर द्वारा मानव को प्रदत्त एक अमूल्य उपहार है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति करने के लिए भाषा एक सीढ़ी के समान कार्य करती है। मातृभाषाएँ हमारी अस्मिता का प्रतीक हैं। हमें अपनी मातृभाषाओं पर गर्व होना चाहिए और हमें इस अमूल्य धरोहर को सदैव सहेज कर रखना चाहिए। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. कैरोलिन सैनी, डॉ. रामेन्द्र प्रसाद ओझा, डॉ. रीना थॉमस एवं डॉ. अभिलाषा शुक्ला की मुख्य भूमिका रही। इस अवसर पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. कल्लोल दास, डॉ. मंदिरा कार, डॉ. विश्वास पटेल, डॉ. सोनल राय, डॉ. एंथोनिमा रॉबिन, डॉ. तुहिना जौहरी, डॉ. रीता चौहान, डॉ. रेनू मारकंडे, डॉ. प्रमोद चैतन्य, डॉ. निहारिका सिंह, डॉ. सोमा गुहा दास आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन सुश्री खुशी रजक द्वारा किया गया।